# राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, ब्लॉक–6, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,
ओ.टी.एस. पुलिया के सामने, जयपुर–302017

दूरभाष नं. 0141–2715532 E-mail: rajssa.training@gmail.com

**क्रमांक : रा.मा.शि.प. / जय / प्रशिक्षण / 2019–20 /** 15038 **दिनांक :** 23/9/2020

**मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी–समस्त जिले**
**जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय–प्रा. / माध्य.)–समस्त जिले**
**अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक (समग्र शिक्षा)–समस्त जिले**
**मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी–समस्त ब्लॉक**
**पीईईओ / संस्थाप्रधान (राप्रावि / राउप्रावि / रामावि / राउमावि)**

**विषय :–** विद्यार्थियों द्वारा कार्यपुस्तिकाओं के सतत् उपयोग बाबत।

सत्र 2020–21 में कोविड़–19 की चुनौती पूर्ण परिस्थितियों में सजगता एवं सहजता के साथ आप सभी ने दायित्व निर्वहन किया है। शाला प्रधान की विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने एवं सामुदायिक सहभागिता के साथ विद्यालयों के सफल संचालन में केन्द्रीय भूमिका है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में यह कार्य और अधिक चुनौतीपूर्ण है जब विद्यार्थियों से हमारा सीधा संपर्क नहीं हो पा रहा है।

कोविड–19 के कारण सामान्य कक्षा कक्षीय प्रक्रिया संचालित नहीं होने से विद्यार्थियों के अधिगम स्तर पर निश्चित रूप से विपरीत प्रभाव पड़ा है। इस अन्तराल के दौरान विद्यार्थियों की अधिगम प्रक्रिया जारी रहे एवं उनका अधिगम स्तर कक्षा स्तर के अनुरूप हो, इसी उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा **अभिनव पहल** कर नवाचार के तहत् तीन कार्यपुस्तिकाएं **सीख, साथी एवं समर्थ** हिन्दी, गणित एवं अंग्रेजी विषयों हेतु तैयार की गई है।

विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार इन कार्यपुस्तिकाओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा स्तर के अनुरूप लाने एवं उनके शैक्षंणिक स्तर में गुणात्मक वृद्धि करना है। कार्यपुस्तिकाओं को विभिन्न गतिविधियों एवं चित्रों का समावेश करते हुए आकर्षक बनाया गया है।

इन कार्यपुस्तिकाओं को तत्काल संबंधित विद्यार्थियों तक उपलब्ध करावें। संभव है इस दौरान कुछ प्रवासी मजदूरों के बालक बालिकाओं ने भी विद्यालय में प्रवेश लिया हो। शिक्षकों के स्तर पर उनके अधिगम स्तर का आंकलन कर कार्यपुस्तिका दी जा सकेगी। अतः शिक्षकों को इस बाबत मार्गदर्शन दिया जावे।

परिषद के पत्रांक 14653 दिनांक 10.09.2020 द्वारा कार्यपुस्तिकाओं के वितरण एवं प्रयोग के संबंध में दिशा–निर्देश जारी किये गये है। शिक्षकों के माध्यम से अभिभावकों को कार्यपुस्तिका की महत्ता के बारे में बतावें एवं इसके नियमित उपयोग बाबत समझाइश भी करें। यह कार्यपुस्तिका विद्यार्थियों को स्वयं अभ्यास करके सीखने का पर्याप्त अवसर प्रदान करेगी एवं अभ्यास पत्रक सीखे गए ज्ञान का आंकलन एवं अभ्यास का मुख्य साधन बनेंगे। अतः **"कार्यपुस्तिका मिशन"** के संवाहक के रूप में कार्य कर शीघ्र अतिशीघ्र बच्चों तक पहुँचाकर कार्यपुस्तिका द्वारा विद्यार्थियों के गुणात्मक अधिगम में वृद्धि करावें।

www.rajteachers.com

23.9.2020

**राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त**
राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर